प्रेसनोट, दिनांक 16.02.2026

थाना असोहा, जनपद उन्नाव

पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग के शक में पति ने रची सुनियोजित हत्या की साजिश, घटना मे प्रयुक्त एक अवैध तमंचा बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना असोहा पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा पत्नी की हत्या करने वाले पति को कब्जे से आला कत्ल एक अदद तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण - दिनांक 28.01.2026 को जरिये दूरभाष सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोकुलपुर थाना असोहा जनपद उन्नाव मे एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी । उक्त सूचना पर थाना असोहा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मृतका उम्र लगभग 38 वर्ष के शव को कब्जा पुलिस लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी तथा वादी ओमकार पुत्र स्व0 कृपाशंकर निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना असोहा जनपद उन्नाव की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 25/2026 धारा 103(1)) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया तथा सम्बन्धित से लगातार पूंछताछ की जा रही थी कि पूंछताछ के दौरान ही वादी मुकदमा ओमकार उपरोक्त की उपरोक्त घटना में संलिप्तता पायी गयी । आज दिनांक 16.02.2026 को प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह मय फोर्स द्वारा अभियुक्त ओमकार उपरोक्त को लालाखेड़ा चौराहे से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमंचा 315 बोर को अभियुक्त के ही गांव गोकुलपुर के पास तालाब से बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त ओमकार उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ का विवरण- मुकदमा उपरोक्त मे प्रकाश मे आये अभियुक्त ओमकार पुत्र स्व0 कृपाशंकर निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना असोहा जनपद उन्नाव ने पूछताछ मे बताया कि मेरी पत्नी के पास एक छोटा मोबाइल था जिससे वह किसी व्यक्ति से प्रेम प्रसंग की बाते करती थी मैने करीब एक माह

पूर्व काफी समझाया । मैने उससे कई बार मोबाइल लेने का प्रयास किया परन्तु मेरी पत्नी ने मोबाइल नही दिया एवं मेरे साथ मारपीट की । तभी से मेरे दिमाग फर भूत सवार हो गया कि या तो यही रहेगी या मै । तब मैने अपने ही तरीके से योजना बनाई कि मेरे पास 315 बोर का तमंचा और गोली रखी है उसी से इसको मार देते हैं फिर दिनांक 28.01.2026 को मै और मेरी पत्नी व बेटी कमरे में अलग अलग चारपाई पर लेटे थे । घटना करने से पहले मैने घर में लगे इन्वर्टर को बन्द कर दिया जिससे अन्धेरा हो गया ,मैने अपनी चारपाई से ही अपनी पत्नी के सिर पर कट्टे से गोली मार दी फिर मै तुरन्त शोर मचाता हुआ छत पर गया तथा एक फायर छत पर किया तथा कट्टे को छिपा दिया । जब मै छत से नीचे कमरे मे आया तो देखा कि मेरी लड़की भी चिल्ला रही थी । मैने लड़की को झूठ बताया कि बदमाश गोली मार कर भाग गया । फिर मै इधर उधर अपने जानने वालों को फोन किया तबतक मेरे घर पर आस पास और पड़ोसी इकट्ठा होने लगे तब मैने पुलिस को सूचना दी कि मेरा घर चारो तरफ से बन्द है कही से भी कोई अन्दर नही आ सकता है । मै बचने के लिये नये नये तरीके सोचता रहा । जहां भी आप लोग पूछताछ करते थे तब मै बचने का नया तरीका निकाल लेता था । मैने अकेले ही इस घटना कारित किया है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. ओमकार पुत्र स्व0 कृपाशंकर निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना असोहा जनपद उन्नाव उम्र करीब 42 वर्ष

बरामदगी- आलाकत्ल एक अदद तमंचा 315 बोर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

01. श्री फूल सिंह (प्रभारी निरीक्षक)
02. उ0नि0 श्री सुनील कुमार सिंह
03. उ0नि0 श्री अशोक कुमार
04. हे0का0 ओमकार सिंह
05. का0 रोहित कुमार
06. का0 राहुल कुमार
07. का0 अमरदीप
08. का0 सुमित कुमार
09. का0 माधव पांचाल
10. म0का0 कंचन देवी
11. म0का0 महिमा यादव

सर्विलांस टीम-

1.हे0का0 सुदीप कटियार

2. का0 विवेक कुमार

3.का0 अरुण यादव